तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 28.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 19 मई 2026



शनिचरी बाजार में करोड़ों रूपए खर्च कर विकसित की गई चौपाटी के बंद फौव्वारे भरी गर्मी में लोगों को राहत नहीं दे रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### आकाशवाणी के 90वें स्थापना दिवस पर कल वॉकेथॉन

**बिलासपुर।** आकाशवाणी बिलासपुर केंद्र द्वारा आकाशवाणी के 90 वें स्थापना दिवस पर 20 मई को वॉकेथॉन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6.30 बजे सरकंडा स्थित आकाशवाणी परिसर से प्रारंभ होगा। इस आयोजन के माध्यम से आकाशवाणी की सार्वजनिक प्रसारण सेवा की 90 वर्षों की यात्रा का उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह होंगे। कार्यक्रम में आकाशवाणी के अधिकारी, कर्मचारी, कैजुअल उद्घोषक, संविदा कर्मचारी, सेवानिवृत्त सहयोगी, रेडियो श्रोता, वार्ताकार, विशेषज्ञ चिकित्सक, मीडिया प्रतिनिधि भाग लेंगे। आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख डॉ. सुप्रिया भारतीयन ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### एयू ने बढ़ाई परीक्षा फार्म की तिथि

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सम-सेमेस्टर एवं संबद्ध कालेजों में संचालित पीजी डिप्लोमा योगा साइंस द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून में प्रस्तावित है, जिसके आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि में वृद्धि की गई है। 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 25 मई तक आवेदन किया जा सकता है। इसी तरह यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी विधि संकायों के स्नातक, स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाइन परीक्षा फार्म यूनिवर्सिटी के अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से भराए जाने की तिथि बढ़ाई गई है। इसमें भी 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 25 मई तक परीक्षा फार्म भरा जा सकता है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा फार्म की हार्डकापी आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद, समस्त आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति संबंधित कालेजों, यूटीडी में 26 मई तक जमा करेंगे।

### लू के थपेड़ों से झुलसा इलाका, पारा 4 डिग्री बढ़ा



**बिलासपुर।** सुबह से ही सूरज की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया है। दोपहर 12 बजे से शाम 8 बजे तक लू के थपेड़े चलते रहे, जिसके चलते पूरा इलाका झुलस चुका है। खास बात यह है कि रविवार की अपेक्षा सोमवार को अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोत्तरी देखी गई। इस दौरान गर्मी व उमस ने पसीने बहाने के लिए मजबूर कर दिया है। बिलासपुर के लिए सोमवार बेहद गर्म दिन साबित हुआ और अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया।

# फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने वाले पांच चॉइस सेंटरों की आईडी होल्ड, एफआईआर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने हितग्राहियों को फर्जी आधार कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाकर देने वाले पांच चॉइस सेंटरों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। कार्रवाई के अंतर्गत पांचो चॉइस सेंटरों के आईडी होल्ड कर दिए गए हैं, जिससे वे अब कोई काम नहीं कर सकेंगे। कलेक्टर ने इन सभी के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं।

हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का गलत तरीके से लाभ दिलाने फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले पांच चॉइस सेंटरों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। यह स्थिति केवल बिलासपुर में न होकर पूरे प्रदेश में है। प्रदेश के हर जिले में दलाल सक्रिय हैं, जो इस तरह का अनुचित लाभ दिलाने हितग्राहियों से संपर्क करते हैं। ज्ञात हो कि जिले में करीब तीन सौ चॉइस सेंटर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। मार्च महीने में भी इसी तरह के संदिग्ध कार्यों में संलग्न छह चॉइस सेंटरों पर और कार्रवाई की गई थी। इनमें चंद्र देव, प्रद्युमन कुमार भारद्वाज, जयकुमार देवांगन, ओमप्रकाश साहू एवं अरूण लाल साहू शामिल हैं।

इस तरह के मामलों में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कड़ा रूख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शासन द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक लाभ प्रदान किया जा रहा है, लेकिन लोग शार्टकट तरीका अपनाकर लाभ लेना चाहते हैं, जो स्वीकार्य नहीं है।। कलेक्टर ने श्रम विभाग में प्रस्तुत सभी आवेदनों की बारीकी से जांच करने एवं इस तरह की गड़बड़ी पाए जाने की स्थिति में भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### रैकेट में कई लोगों के शामिल होने की आशंका

- सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की गई थी कूटरचना



खास खबर

### ये हैं वे चॉइस सेंटर

जिन पांच चॉइस सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें श्यामू सीएससी सेंटर कुकदा, श्री सूर्यप्रकाश बंजारे ग्राम सेंदरी, शिव टेंगवार बेलमुंडी, श्री फोटोकॉपी एंड ऑनलाईन सेंटर ग्राम केसला बिल्हा एवं गणेश कंप्यूटर्स ग्राम घोंघाडीह शामिल हैं। जांच में जिन व्यक्तियों के नाम सामने आए हैं, उनमें आनंद कमल, छोटेलाल गौतम, नरेंद्र रात्रे, शिवा बघेल, चंद्र कुमार जायसवाल, अजय पटेल, कमल सूर्यवंशी, राहुल खूंटे, सीता गोंड़, रंजना नायक आदि शामिल हैं।

### कार्रवाई की गई

योजनाओं का लाभ दिलाने आधार कार्ड, बर्थ व डेथ सर्टिफिकेट जैसे दस्तावेजों में कूटरचना करने वाले पांच चॉइस सेंटरों के खिलाफ आईडी होल्ड करने एवं एफआईआर की कार्रवाई की गई है। विभाग ने हितग्राहियों को दलालों से बचाने के उद्देश्य से सभी ब्लॉक मुख्यालयों में श्रम संसाधन केंद्र स्थापित करते हुए श्रमेव जयते नामक एप भी लांच किया है, जिसके जरिए मोबाईल से ही आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। शार्टकट से पैसे कमाने के चक्कर में चॉइस सेंटर न केवल बंद हो गए, बल्कि अब वे कानूनी कार्रवाई के दायरे में भी आ गए। इसमें हितग्राहियों को भी दोषी मानते हुए नोटिस जारी करने की तैयारी चल रही है।

**- ज्योति शर्मा,** सहायक आयुक्त श्रम विभाग

### इसलिए किया जाता था प्रमाणपत्रों में फर्जीवाड़ा

श्रम विभाग में शासन द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना संचालित होती है, जिसमें मृतक के नॉमिनी को एक लाख रूपए की सहायता राशि दी जाती है। इसी तरह मिनीमाता महतारी जतन योजना में प्रसूता को बीस हजार रूपए की आर्थिक सहायता की जाती है। इन दोनों ही योजनाओं में जन्म या मृत्यु के 90 दिनों के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है, लेकिन इससे अधिक समय हो जाने के बाद आवेदक अपात्र माना जाएगा। पकड़े गए मामलों में हितग्राहियों द्वारा निर्धारित समयावधि में जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं बनवा पाने के कारण अपने आपको पात्र बनाने दलालों के चंगुल में फंसकर चॉइस सेंटरों से फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर श्रम विभाग में प्रस्तुत किया गया था ताकि वे योजना के लिए पात्र होकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकें।

### ऐसे पकड़ में आया मामला

श्रम विभाग में दोनों योजनाओं में लाभांवित होने हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों की बारीकी से जांच की गई थी। इसके अंतर्गत प्रस्तुत जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्रों के क्यूआर कोड को स्कैन करके प्रमाणपत्रों की सत्यता जांची गई, जिसमें प्रमाणपत्र स्कैन ही नहीं हो सके। ऐसे में संदेह होने पर ऐसे प्रकरणों वाले हितग्राहियों से श्रम निरीक्षकों द्वारा संपर्क कर बयान लिए गए। पहले तो सभी लोगों ने घुमाने का प्रयास किया, लेकिन अंततः सारी सच्चाई जाहिर कर दी।

### रैकेट में उलझकर रह गए 14 प्रकरण

जांच के दौरान श्रम विभाग ने कुल चालीस आवेदनों को संदेह के दायरे में लिया था। इन सभी की जांच भी की गई, लेकिन सात प्रकरणों में हितग्राही पलायन कर अन्य प्रदेशों में चले गए हैं, जिससे इन पर कार्रवाई नहीं हो सकी। इसी तरह चौदह मामलों में रैकेट इतना लंबा है कि इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति गड़बड़ी करने वाले का नाम नहीं बता पा रहा है। उन सभी का कहना है कि उन्होंने केवल आवेदन के लिए दस्तावेजों का हस्तांतरण किया है, लेकिन दस्तावेजों में किसी तरह की कूटरचना नहीं की है। यही कारण है कि इन चौदह प्रकरणों में फिलहाल कार्रवाई नहीं की जा सकी है। शेष पांच प्रकरणों में दोषी पाए गए चॉइस सेंटरों पर कार्रवाई की गई है।

## सरकंडा क्षेत्र में निगम ने दिन भर चलाया सुधार कार्य अभियान, सैंपल भी लिया गया

# नालियों के बीच से गुजरी है पाइप लाइन इसलिए सैकड़ों घरों में पहुंच रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र के सैकड़ों घरों में गंदे पानी की शिकायत के बाद निगम की टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और सुधार कार्य किया गया।सुबह से चला काम देर शाम तक पूरा किया गया। इसके बाद पानी का सैंपल भी लिया गया। दावा किया गया कि काम पूरा कर लिया गया है लेकिन स्थानीय लोगों के मुताबिह यह स्थायी हल नहीं है और गलियों के साथ ही मेन रोड से गुजरी लाइन की जांच और सुधार जरूरी है।इससे पहले निगम मुख्यालय के साथ ही जोन आफिस की टीम खास तौर पर वार्ड नंबर 62 के कच्छ गुर्जर भवन के पीछे और आसपास की गलियों में गंदे पानी की शिकायत पर पहुंची। जांच के दौरान निगम टीम ने पाया कि कई घरों के सामने से गुजरी पुरानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है। इसी से गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। निगम ने इस पाइप लाइन को काटकर सीधे पानी टंकी से जोड़ दिया है।

दरअसल सरकंडा क्षेत्र के शास्त्री नगर और कपिल नगर में 200 से अधिक घरों में पिछले दो दिनों से नगर निगम के नलों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा था। वार्ड पार्षद सीमा राजेश शुक्ला ने इस संबंध में जोन क्रमांक 7 के कमिश्नर प्रवीण शर्मा को गंदे पानी का सैंपल सौंपा है और तत्काल सुधार की मांग की। नगर निगम के नल जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी ने बताया कि उन्हें रविवार की शाम को गंदे पानी की आपूर्ति की जानकारी मिली थी। इसके बाद सोमवार को स्वयं मौके पर जाकर स्थिति की जांच की गई और सुधार किया गया।

### कुछ जगहों पर लाइन को काटकर सीधे टंकी से जोड़ा गया, आज भी चलेगा अभियान



सरकंडा क्षेत्र में पाइप लाइन की जांच करते निगमकर्मी।

### कई जगहों पर इसी तरह का लीकेज

पार्षद श्रीमती शुक्ला ने बताया कि दो दिनों से समस्या बनी हुई थी, लेकिन नगर निगम का स्टाफ इस पर ध्यान नहीं दे रहा था। इसके कारण निवासियों को पीने के पानी के लिए दूसरे स्थानों पर निर्भर रहना पड़ा या ट्यूबवेल के पानी का उपयोग करना पड़ा। गौरतलब है कि बताया जाता है कि पिछले हफ्ते भी बरछापारा में गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत सामने आई थी। पाइप लाइन की जांच की गई तो लीकेज के चलते गंदे पानी की सप्लाई की बात सामने आई। इसी तरह शहर में और दूसरी जगहों पर भी पाइप लाइन लीकेज है, जिसके कारण घरों में गंदा पानी पहुंचता है।



### तीन और गलियों से काटी जाएगी लाइन

सोमवार को किए गए सुधार कार्य पर सवाल उठाते हुए वार्ड की पार्षद और लोगों ने बताया कि वार्ड नंबर 62 के कच्छ गुर्जर भवन के पीछे की गलि से गुजरी पाइप लाइन को तो काटकर अलग कर दिया गया लेकिन बाकी तीन और गलियों के साथ ही अशोकनगर से गुजरी मुख्य पाइप लाइन की जांच और सुधार जारी है।दरअसल सरकंडा क्षेत्र में नोपाली मोहल्ला, कपिल नगर के साथ ही ग्लैमर ब्यूटी पार्लर वाली गलि में भी इस तरह की समस्या है।निगम की टीम ने इसकी जांच सोमवार को नहीं की। यहां की पाइप लाइन पुरानी और नालियों के बीच से गुजरी है। पार्षद का कहना है कि शास्त्रीनगर और कपिल नगर में अशोक नगर पानी टंकी से सप्लाई होती है। गंदे पानी की समस्या उत्पन्न होने पर पूर्व में इंजीनियरों द्वारा रोड निर्माण के दौरान पाइप लाइन में लीकेज की समस्या बताई गई थी, लेकिन बार बार सुधार के बाद यह समस्या फिर से उत्पन्न हो गई है।

### किया जाएगा सुधार कार्य

सरकंडा क्षेत्र के सैकड़ों घरों में गंदे पानी की शिकायत के बाद निगम की टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और सुधार कार्य किया गया।सुबह से चला काम देर शाम तक पूरा किया गया। इसके बाद पानी का सैंपल भी लिया गया। काम आगे भी दो तीन दिन जारी रहेगा। जहां भी शिकायत होगी सुधार कार्य किया जाएगा।

**- अनुपम तिवारी**
जल शाखा प्रभारी

### गंदे पानी की सप्लाई

## स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर, 250 घरों में जांच



सरकंडा में लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते स्वास्थ्यकर्मी।

- मौसमी बीमारियों से ग्रसित मिले मरीज।
- मरीजों को दी गई दवा, हालत सामान्य।

**बिलासपुर।** सरकंडा के वार्ड 61 व 62 में पिछले कुछ दिनों से गंदी पानी की सप्लाई की जा रही है, निगम के पुराने पाइप लाइन से हो रही पानी की सप्लाई के कारण लोगों को स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य जांच कराई, इस दौरान पेट दर्द की समस्या व मौसमी बीमारियों से पीड़ित 11 मरीज मिलें, जिस पर विभाग ने दवा का वितरण किया है।

सरकंडा क्षेत्र के गुर्जर भवन, कपिल नगर और आसपास के क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आने की शिकायत कई दिनों से जारी है। सोमवार को निगम द्वारा क्षेत्र में सैंपलिंग की गई है, वहीं उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। इस दौरान नोडल अधिकारी डा रक्षित जोगी के साथ पूरा स्टाफ मौजूद रहा और वार्ड 61 व 62 के करीब 250 घरों में टीम ने रहवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जहां पेट दर्द की शिकायत के 3 व मौसमी बीमारियों के 8 मरीज पाए गए। टीम ने सभी को खाने पीने में एतिहात बरतने की सलाह दी और दवा का वितरण किया। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में डायरिया के एक भी मरीज नहीं मिले है, वहीं जिन लोगों को स्वास्थ्यगत परेशानी है वे भी सामान्य जीवन जी रहे हैं।

### स्थिति नियंत्रण में

पार्षद और निगम के अधिकारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कहा था, जिस पर हमारी टीम गई थी, लेकिन कोई गंभीर बीमारी का मरीज नहीं मिला है। स्थिति पूरी तरह से कंट्रोल है।

**- डॉ रक्षित जोगी,** नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग

## छात्र संगठन एआईडीएसओ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# नीट पेपर लीक का विरोध, न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली नीट - यूजी एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। बिलासपुर में छात्र संगठन एआईडीएसओ द्वारा इसका विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

छात्र संगठन का कहना है कि हर साल लाखों छात्र दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। माता-पिता अपनी जमा पूंजी कोचिंग, किताबों और हॉस्टल पर खर्च कर देते हैं। लेकिन जब परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र बाजार में बिकने लगें, तो यह सिर्फ परीक्षा में गड़बड़ी नहीं रहती बल्कि यह मेहनत, ईमानदारी और सपनों की हत्या बन जाती है। संगठन का कहना है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कभी पेपर लीक, कभी सर्वर फेल, कभी रिजल्ट विवाद। एक के बाद एक घटनाएं यह संकेत देती हैं कि देश की सबसे बड़ी परीक्षाएं संचालित करने वाली एजेंसी या तो पूरी तरह असफल हो चुकी है या फिर उस पर ऐसे नेटवर्क हावी हैं जो शिक्षा को व्यापार बना चुके हैं। ऐसे में एआईडीएसओ की यह मांग है कि न्यायिक निगरानी में निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की व्यवस्था की जाए।







मा.श्री तोखन साहू
केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार
मा.श्री अरुण साव
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. श्री रामसेवक पैकरा
अध्यक्ष वन विकास निगम छ.ग. शासन
(केबिनेट मंत्री दर्जा)
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छ.ग.
पूर्व गृह मंत्री छ.ग.
मा. श्री आलोक सिंह ठाकुर
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.
मा.श्री विक्रम सिंह
भाजपा नेता लोरमी विधानसभा
श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह
अध्यक्ष जनपद पंचायत लोरमी
मा.श्री विनय साहू
प्रदेश मंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग (छ.ग.)
मा.श्री दिनेश कश्यप
अध्यक्ष भाजपा मण्डल देवरहट
राकेश साहू
जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली
निलेश सिंह राजपूत
उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा बिलासपुर
पीयूष साहू
जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली
धनेन्द्र सिंह राजपूत
महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली
तामेश्वर साहू
उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली
करन सिंह राजपूत
भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली
श्री नारायण सिंह राजपूत जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
युवा, संघर्षशील, मिलनसार
BJP
श्री नारायण सिंह राजपूत
कोषाध्यक्ष सरपंच संघ ज.पं. लोरमी
प्रदेश सह प्रभारी (स) भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.
पंकज सिंह राजपूत
सह कोषाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, मुंगेली
विनीत : समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत हरनाचाका व जनपद पंचायत लोरमी
-संकलनकर्ता- पी.भारती बेनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि
जरहागांव, लालपुर (मुंगेली)
मो. 7389105897

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 19 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


वेकैंसी

## रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के आवेदन शुरू

**बिलासपुर।** रेलवे एएलपी भर्ती की तैयारियों में लगे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी आवेदन स्टार्ट कर दिए गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के माध्यम से कुल 11127 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी, जिसके लिए आवेदन 15 मई से लेकर 14 जून तक लिए जाएंगे। एप्लीकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से रेलवे की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भरा जा सकता है। अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं होंगे। रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती 2026 में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं के साथ आईटीआई पास होना अनिवार्य है अथवा उम्मीदवार ने 10वीं के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया हो। जिन उम्मीदवारों ने इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त की है वे भी इस भर्ती में आवेदन के लिए पात्र होंगे। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 30 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी उम्र में ओबीसी को 3 एवं एससी/ एसटी वर्ग को 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य आरक्षित वर्ग एवं भूतपूर्व सैनिकों को भी ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी। उम्र की गणना 1 जुलाई 2026 को ध्यान में रखकर की जाएगी। इस भर्ती में आवेदन पत्र भरने के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को फीस के रूप में 500 रुपए जमा करना होगा। वहीं, एससी/ एसटी/ दिव्यांग वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों को 250 रुपए फीस का भुगतान करना होगा।



# रंगमंच कार्यशाला में प्रतिभागियों ने सीखे अभिव्यक्ति और प्रस्तुति के विविध आयाम

अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, वाचन, संगीत और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तिलक नगर स्कूल में संचालित इस कार्यशाला में बच्चों और बड़ों के लिए अलग-अलग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों की कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 8 बजे से तथा 16 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण सत्र शाम 6 बजे से आयोजित हो रहा है।




### समन्वय, लय और भाव अभिव्यक्ति का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वरिष्ठ रंगकर्मी एवं कार्यशाला निर्देशक सुनील चिपड़े के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को वॉइस प्रोजेक्शन, मंचीय संवाद अदायगी, शरीर की भाषा, भावाभिव्यक्ति तथा हिन्दी में शुद्ध उच्चारण का अभ्यास कराया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को समझाया कि रंगमंच में कलाकार की आवाज़ केवल सुनाई देना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसमें भाव, स्पष्टता और प्रभाव भी होना चाहिए। वॉइस प्रोजेक्शन के अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों ने सीखा कि बिना जोर लगाए अपनी आवाज़ को मंच के अंतिम छोर तक कैसे पहुँचाया जाए।

सुनील चिपड़े ने अभिनय अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं को प्रस्तुत करने, संवाद के साथ भावों को संतुलित रखने और मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़े होने के अभ्यास भी कराए। उन्होंने बताया कि रंगमंच व्यक्ति के भीतर अनुशासन, संवेदनशीलता और सामूहिक कार्य की भावना विकसित करता है। संगीत एवं सुर अभ्यास का सत्र वरिष्ठ संगीत प्रशिक्षक चम्पा भट्टाचार्जी द्वारा हारमोनियम के साथ कराया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को सुरों के साथ वॉइस प्रोजेक्शन, सर्गम, श्वास नियंत्रण तथा स्वर की गूंज से जुड़े अभ्यास करवाए। हारमोनियम की संगति में कराए गए इन अभ्यासों से प्रतिभागियों ने आवाज़ की लय, मधुरता और स्थिरता को समझा। चम्पा भट्टाचार्जी ने बताया कि अभिनय और संगीत का गहरा संबंध है, क्योंकि सही स्वर और लय कलाकार की प्रस्तुति को अधिक प्रभावशाली बनाते हैं।




### शुद्ध उच्चारण संवाद कौशल को भी बेहतर बनाता

रोल प्ले एक्टिविटी में बच्चों ने विभिन्न पात्रों को निभाकर संवाद, व्यवहार और भावों को समझा। इससे उनकी रचनात्मकता और संप्रेषण क्षमता का विकास हुआ। वहीं मेमोरी एक्सरसाइज के माध्यम से ध्यान और स्मरण शक्ति को मजबूत करने वाले अभ्यास कराए गए, जो अभिनय के साथ-साथ पढ़ाई और दैनिक जीवन में भी उपयोगी साबित होते हैं। कार्यशाला के दौरान मोहम्मद रफीक ने बच्चों को ज्ञानवर्धक गीत भी सिखाए। गीतों के माध्यम से बच्चों ने समूह समन्वय, लय और भाव अभिव्यक्ति का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों का मानना है कि इस प्रकार की रंगमंचीय गतिविधियाँ केवल कलाकार तैयार नहीं करतीं, बल्कि व्यक्तित्व को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और जीवन के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

हिन्दी उच्चारण के अभ्यास में शब्दों की स्पष्टता, मात्रा, विराम और संवाद की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि कलाकार मंच पर भाषा की गरिमा बनाए रख सकें। प्रशिक्षकों ने बताया कि शुद्ध उच्चारण न केवल अभिनय में बल्कि दैनिक जीवन में संवाद कौशल को भी बेहतर बनाता है। बच्चों की कार्यशाला में निर्देशक गरिमा भांगे ने मिरर एक्टिविटी, सिचुएशन वॉक, रोल प्ले एक्टिविटी तथा मेमोरी एक्सरसाइज जैसी गतिविधियाँ कराईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों की कल्पनाशक्ति, अवलोकन क्षमता, एकाग्रता और आत्मविश्वास को विकसित करना रहा। मिरर एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों ने एक-दूसरे की गतिविधियों को देखकर वैसी ही अभिव्यक्ति देने का अभ्यास किया, जिससे शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और एकाग्रता विकसित होती है। सिचुएशन वॉक में बच्चों को अलग-अलग परिस्थितियों की कल्पना कर उसी अनुरूप चलने और प्रतिक्रिया देने का अभ्यास कराया गया। इससे वे भावों को शरीर की भाषा के माध्यम से व्यक्त करना सीखते हैं।

आयोजन

## वन्दे मातरम मित्र मंडल ने किया एडीएन वाजपेई का सम्मान



**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल की 249वीं साप्ताहिक बैठक के अवसर पर में अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई का सेवा निवृत्त होने पर भव्य सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों ने उनकी विद्वत्ता, सरलता, सहजता एवं विनम्र व्यक्तित्व की सराहना की। सभागृह में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में आचार्य वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वन्दे मातरम मित्र मंडल की परंपरा अनुसार ठीक शाम 4:59 बजे शंखध्वनि एवं हनुमान चालीसा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वी सहगल ने किया। मंच पर आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, विनोद जैन, डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, महेन्द्र जैन, सुरेन्द्र गुंबर एवं जयप्रकाश लाल उपस्थित रहे। अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। आचार्य वाजपेई को स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उद्योगपति विनोद जैन, राजेंद्र अग्रवाल 'राजू', सुरेन्द्र गुंबर एवं कमल छावड़ा ने भी उनका सम्मान किया। समारोह में तारनीश गौतम, अनिल सलूजा, डॉ ललित मखीजा, डॉ ओम मखीजा, मनीष दत्ता, कैलाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल,चरण जीत सिंह गंभीर, लल्लन तिवारी, डॉ आर ए शर्मा, तरुण धर दीवान संतोष तिवारी सहित अनेक गण मान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बच्चों को सिखाए गए गीता श्लोक, देशभक्ति गीत व क्राफ्ट

गीता परिवार बिलासपुर द्वारा 8 से 15 वर्ष के बालक-बालिकाओं के लिए पीएमश्री उत्कृष्ट सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा में पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर "संस्कार सिंचन" का दीप प्रज्जवलन, हनुमान चालीसा, राजकीय गीत की प्रस्तुति के साथ सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इसमें गीता श्लोक, देशभक्ति गीत व क्राफ्ट सिखाया गया।

मध्यांचल प्रमुख प्रमिला माहेश्वरी दीदी पुणे के सानिध्य में आयोजित यह शिविर गीता परिवार की एक अनूठी पहल है। यहां बताया जा रहा है कि आज का बालक सूचना और तकनीक से घिरा हुआ है, किन्तु उन्हें सही दिशा नहीं मिल पा रही है। मोबाइल, इंटरनेट और निरंतर बदलती जीवन शैली ने बच्चों के बाहरी ज्ञान को तो बढ़ाया है, परंतु उनके भीतर की एकाग्रता, संवेदनशीलता और आत्मनियंत्रण को कमजोर किया है। आधुनिक बाल मनोवैज्ञानिकों और चिकित्सकों का भी मानना है कि केवल अंक आधारित शिक्षा बच्चों को सम्पूर्ण व्यक्तित्व नहीं दे सकती है। इसके लिए मूल्य, संस्कृति और भावनात्मक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। प्रतिदिन प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक संचालित इस सघन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों के बहुआयामी विकास हेतु विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। शारीरिक एवं मानसिक विकास में योगासन, ध्यान साधना करा लाठी-काठी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोचक खेल कराए जा रहे हैं। संस्कृत संभाषण, दैनिक उपासना, संकीर्तन करा प्रेरणादायी कथा सुनाई जा रही है। गीता का ज्ञान दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीधर बंसोड़, गौरी खंडेलवाल महाराष्ट्र, कृति अग्रवाल बिल्हा, प्रमिला त्रिवेदी, अर्चना जोशी, संध्या केशरवानी, विनीता दुबे, सोमनाथ गंधर्व बिलासपुर का सहयोग रहा।





### पीएमश्री उत्कृष्ट सेजेस शाला सरकंडा में शिविर संस्कार सिंचन शुरू

### सिखाए जाएंगे कला के गुर

प्रशिक्षण शिविर के इन पांच दिनों में रचनात्मकता एवं कला प्रशिक्षण के तहत चित्रकला, रंगोली बनाने, अभिनय सिखाया जाएगा। नाट्य, समूह गान, देशभक्ति गीत एवं गोपुरम निर्माण से भी अवगत कराया जाएगा। प्रायोगिक ज्ञान में ज्ञानेंद्रिय संवर्धन, व्यवहारिक प्रबोधन के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता कराई जाएगी। अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### 40वें वर्ष में कर रहा प्रवेश

गीता परिवार विगत 39 वर्षों से बाल संस्कार एवं वेदों के उन्नयन में पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज कोषाध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के मार्गदर्शन में निरंतर संलग्न है। इस वर्ष संगठन अपने सेवा यात्रा के 40 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। देश-विदेश में संचालित हजारों बाल संस्कार केंद्रों तथा 48 से अधिक वेद विद्यालयों के माध्यम से गीता परिवार राष्ट्र उत्थान में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है। साथ ही संस्था द्वारा चलाई जा रही ऑनलाइन निःशुल्क गीता कक्षाओं का विस्तार आज विश्व के 183 देशों में हो चुका है। जहां 15 लाख से भी अधिक साधक नियमित रूप से प्रमाणिक रूप से गीता का अध्ययन कर रहे हैं।

कार्यक्रम

## कलाकारों ने पारंपरिक वेश में पेश किया कथक नृत्य




**बिलासपुर।** राग मंच संगीत विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय कथक कार्यशाला का समापन समारोह सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ। इसमें नृत्यांगना सुश्री नित्या खत्री सहित अन्य कलाकारों ने पारंपरिक वेश में कथक नृत्य पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु भूपेन्द्र बरेठ, विजय केशकर, चंद्रशेखर सोनी एवं आशीष गुप्ता थे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य साहिल सिंह ठाकुर ने की। विद्यालय के गायन विभाग के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम आरंभ किया। इसके बाद दस दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त नन्हें कलाकारों ने कथक की शानदार प्रस्तुति दी। आरोही जायसवाल, नव्या शर्मा, सिद्धि स्वर्णकार, अन्या वाजपेयी एवं आरवी शर्मा ने कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। अन्य कलाकारों ने कला, संस्कृति एवं भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सुंदर छवि प्रस्तुत की। अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन जिया फातिमा एवं आफिया अली ने संयुक्त रूप से किया।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु २१ दिवसीय रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद पहल

### एसईसीएल मुख्यालय में 'समर कैंप' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित बहुप्रतीक्षित "एसईसीएल समर कैंप का शुभारंभ सोमवार को एसईसीएल मुख्यालय में उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया।

डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल वसंत विहार में आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ "21 डेज़ ऑफ फन, फिटनेस एंड लर्निंग" थीम पर आधारित इस 21 दिवसीय समर कैंप की शुरुआत हुई। यह कैंप 10 जून तक एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर एसईसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, जेसीसी प्रतिनिधि, वेलफेयर कमेटी, एससी-एसटी काउंसिल तथा सिस्टा-ओबीसी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संबोधन में निदेशक बिरंची दास ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास संवर्धन एवं रचनात्मक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला, संस्कृति एवं नवाचार आधारित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए फिटनेस एवं खेलकूद, कला एवं शिल्प, संगीत, नृत्य, रचनात्मक गतिविधियाँ, रोबोटिक्स, व्यक्तित्व विकास तथा विभिन्न शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह कैंप बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने, नई विधाओं को सीखने तथा टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। रंगारंग एवं प्रेरणादायी वातावरण ने पूरे परिसर को सकारात्मकता और आनंद से भर दिया।




स्पोर्ट्स न्यूज

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 133 रन से जीता मैच

### 62 रन बनाने तथा तीन विकेट लेने वाले दिव्यांश को पुरस्कार मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी महाराणा प्रताप चौक एवं फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी सरकंडा के समर कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों के बीच फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी महाराणा प्रताप चौक खेल मैदान में दूधिया रोशनी में एक फ्रेंडली मैच खेला गया।

जिसमें फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी महाराणा प्रताप चौक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 133 रन से जीत लिया। विजेता टीम को पुरस्कार भी दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार महाराणा के खिलाड़ी दिव्यांश कश्यप को दिया गया। जिसमें जिन्होंने 62 रन बनाए तथा तीन ओवर में 16 रन देकर महत्वपूर्ण तीन विकेट लिए। इस फ्रेंडली मैच के माध्यम से समर कैंप में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी देखा गया तथा उन्हें क्रिकेट के टिप्स की जानकारी भी भी वरिष्ठ कोच के द्वारा दी गई। फ्रेंडली मैच में टॉस जीतकर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी महाराणा के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 258 रन बनाएं। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी सरकंडा के टीम को 259 रन का लक्ष्य दिया लेकिन फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी सरकंडा के खिलाड़ी 125 रन ही बना सके और 19 ओवर में पूरी टीम सिमट गई। और इस तरह फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी महाराणा प्रताप के समर कैंप के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच के माध्यम से दोनों समर कैंप के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी देखा गया और उनकी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्र रक्षण का प्रदर्शन भी देखा गया। उक्त जानकारी फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच कमल चड्ढा के द्वारा दी गई।



### समर कैंप का समापन 22 को

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी महाराणा प्रताप चौक में पिछले 50 दिनों से चल रहे समर कैंप का समापन 22 मई को होगा। जिसमें फाउंडेशन के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र तथा समर कैंप में में क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को पुरस्कार वितरण भी कियाजाएगा। यहां समर केप 1 अप्रैल से शुरू हुआ था जिसमें नवोदित खिलाड़ियों को क्रिकेट की तकनीकी तथा तथा बॉलिंग मशीन एवं राष्ट्रीय स्तर के कोच के द्वारा के द्वारा समर कैंप के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता एवं फिटनेस को लेकर भी कोच के द्वारा लगातार मार्गदर्शन दिया गया। पिछले 10 वर्षों से अकादमी के खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जानकारी एकेडमी के हेड कोच कमल चड्ढा के द्वारा दी गई है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार से आमजन की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान : अमर



**बिलासपुर।** पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ सुशासन तिहार प्रदेश में सुशासन और जनसेवा का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री अग्रवाल तालापारा, में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मस्तूरी में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी मांगों एवं समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन को सरल, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराना है। संध्याकालीन सत्र में आयोजित "अपनों से मुलाकात" कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव समाधान का भरोसा दिलाया।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक में एमआरपी पर संगोष्ठी



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दावाओं में अनुचित एवं बेतहाशा वृद्धि कर एमआरपी लिखने का प्रचलन वर्षों से चले आ रहा है। इसका लाभ उठाकर दवा कंपनी विक्रेता एवं डॉक्टर मुनाफा काट रहे हैं। इसे लेकर ग्राहक पंचायत राष्ट्रीय स्तर पर जनता में जागरूकता तथा सरकारी मशीनरीयों को इस बारे में जानकारी देकर उचित कार्रवाई करने तथा दावाओं पर बनाने का मूल्य तथा अन्य खर्च लिखकर एमआरपी तय करने का निवेदन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर एक कमेटी बने और वह कमेटी इन तीनों मूल्यों को जांच कर एक उचित रूपरेखा दें, ताकि जनता ठगी से बच सके। इस कार्यक्रम में सांसदों, विधायकों और कलेक्टर को इस संबंध में पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरसंचालक राजकुमार सचदेवा रहे। मुख्य वक्ता प्रांत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, कार्यक्रम का संचालन प्रांत महिला प्रमुख सुश्री सुनीता मानिकपुरी ने किया। आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष ने किया। इस अवसर पर डॉ पूनम सिंह, पुरुषोत्तम अग्रवाल, किरण सिंह, जिला महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, जिला महिला सचिव पूनम शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष मदन मोहन गुल्ला, रेखा गुल्ला, प्रदीप शर्मा, किरण सिंह, चंचल कुशवाहा, दीपशिखा यादव, ऋषभ चंद्र सिंह देव, राम सिंह, बृजेश तिवारी, जलेश्वर प्रसाद, केदार खत्री, धनंजय,किरण सिंह, राकेश निर्मलकर, देव प्रसाद ध्रुव, मनोज कुमार जयसवाल, किशन साहू, अरविंद दुबे, अनिल सूर्या आदि मौजूद थे।

### जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत 118 गांवों में जन भागीदारी अभियान शुरू



**बिलासपुर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव के अंतर्गत जन भागीदारी अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंथन सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों के ओरियंटेशन कार्यक्रम के साथ अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आदिवासी समुदाय के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा। जिले के आदिवासी बहुल 118 गांवों की लगभग 1 लाख आबादी को लक्षित कर यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इनमें 3674 विशेष पिछड़ी जनजाति के बैगा एवं बिरहोर परिवार भी शामिल हैं। अभियान के तहत 19 से 25 मई तक विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में पात्र लेकिन अब तक वंचित लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने खाद-बीज वितरण सुनिश्चित करने, कच्चे वन एवं कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण में ग्रामीणों की मदद करने तथा कोटा क्षेत्र में मक्के की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग समन्वित प्रयासों से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं, ताकि आदिवासी गांवों को विकास और आत्मनिर्भरता के मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके।

### स्टेशन पर 14 वॉटर कूलर और 5 वेंडिंग मशीनें दे रहीं ठंडा पानी

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य (एस.ई.सी.आर) रेलवे के मुख्यालय बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर इस साल भीषण गर्मी के बावजूद यात्रियों को पेयजल संकट से नहीं जूझना पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा सभी प्लेटफार्मों पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे यात्रियों को सफर के दौरान बड़ी राहत मिल रही है। रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर कुल 14 वॉटर कूलर चौबीसो घंटे ठंडे पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। इसके साथ ही यात्रियों को बेहद कम दामों पर शुद्ध और फिल्टर पानी उपलब्ध कराने के लिए 5 आत्याधुनिक वॉटर वेंडिंग मशीनें भी शुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। स्टेशन पर लगी इन वॉटर वेंडिंग मशीने के कारण यात्रियों को बाजार से महंगी बोतले खरीदने की मजबूरी से मुक्ति मिली है। यहां यात्री अपनी बोतल मात्र 5 रूपए प्रतिलीटर की दर से शुद्ध वॉटर रिफिल करा रहे हैं।

**वेटिंग का आंकड़ा 150 पार** | चांपा में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कार्य से ट्रेनें होंगी प्रभावित

# 7 जून के पहले चल रही ट्रेनों में बढ़ी यात्रियों की भीड़, बर्थ की मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सात जून से चांपा में चौथी लाइन कनेक्टिविटी का कार्य करने के लिए रेल प्रशासन ने हावड़ा-मुम्बई की ओर चलने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य ट्रेनों को मिलाकर 72 ट्रेनों को 7 जून से रद्द करने का आदेश जारी करने के बाद स्लीपर और एसी कोच में यात्रियां की भीड़ बढ़ने से बर्थ की मारामारी होने लगी है। इस दौरान वेटिंग के आंकड़े ने भी 150 से अधिक का आंकड़ा पार कर दिया है।

अप्रैल के दूसरे सप्ताह से ही गर्मी की छुट्टियां शुरु होने के साथ ही ट्रेनों में भी यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी थी। बच्चों के साथ उनके परिजन भी छुट्टी मनाने के लिए बाहर आना-जाना कर रहे हैं। बिलासपुर से हावड़ा और बिलासपुर से मुम्बई के अलावा पुणे, दिल्ली, प्रयागराज, जम्मू, जयपुर सहित अन्य मेट्रो स्टेशनों की ओर जाने वाली गाड़ियों के स्लीपर और एसी कोच में यात्रियों की भीड़ के कारण बर्थ की मारामारी शुरु हो गई है। परिवार के साथ छुट्टी मनाने के लिए जाने वाले लोगों ने दो माह पहले अपनी बुकिंग कर रखी थी, जिसमें से कई लोगों को संबंधित तिथि में जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग 20 से 25 के बीच भी मिली। रेल प्रशासन ने सबसे अधिक भीड़ वाले रूट पर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी, जिसके लिए अतिरिक्त 30 फीसदी की राशि यात्रियों से कंफर्म बर्थ देने के लिए भी लिया गया। यह ट्रेन एक दो फेरा लगाकर बंद हो गई है। दूसरी ओर सात जून के बाद से हावड़ा-मुम्बई की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों के अलावा टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस, हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस, हटिया-पुणे एक्सप्रेस, पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस, ओखा एक्सप्रेस, कामख्या एक्सप्रेस, उदयपुर एक्सप्रेस, गया-एलटी, हैदराबाद-रक्सौल, दरभंगा, भुज एक्सप्रेस सहित पैसेंजर ट्रेनों के अलावा 72 ट्रेन का परिचालन 7 से 20 जून तक बंद करने के आदेश रेल प्रशासन की ओर से जारी किए जा चुके हैं। इस आदेश के बाद से हावड़ा-मुम्बई की ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ स्लीपर के साथ एसी कोच में बढ़ चुकी है।

### ट्रेनों की वेटिंग

- हावड़ा की ट्रेनों में -12261 हावड़ा दूरंतो के थ्री ए में 125, टू ए में 58, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के 3ए में 145, 2ए में 68, 12809 हावड़ा मेल के थ्री ए में 75, 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस के थी ए 55, 12859 गीतांजली एक्सप्रेस थ्री ए 138, 2ए 46, 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस थ्री ए 52, 22905 ओखा-शालीमार 3ए 69 की वेटिंग चल रही है।
- मुम्बई की ट्रेनों में -12810 हावड़ा-सीएसटीएम मेल के एसी थ्री में 138, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस के थ्री ए में 152, 2ए में 25, 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस के थ्री ए 52, 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी 3ए 56, 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स के थ्री ए 58, 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस थ्री ए 66, 22512 कर्मभूमि एक्सप्रेस थ्री ए की 103, 12880 भुवनेश्वर एलटीटी थ्री ए 56 वेटिंग है।
- दिल्ली और प्रयागराज की ट्रेनों में -18477 उत्कल एक्सप्रेस के थ्री ए 108, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एसी थ्री 38, 12823 छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति थ्री ए 29, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस के एसी थ्री 55 और एसी टू में 28, 15160 सारनाथ एक्सप्रेस एसी थ्री में 111, 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस एसी थ्री में 35 से वेटिंग है।

महापौर ने अधिकारियों की बैठक लेकर तेजी से काम करने कहा

# स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम गंभीर कचरा फेंकने पर लगेगी दोगुनी पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए केन्द्र की टीम कभी भी बिलासपुर पहुंच सकती है। टीम 10 से अधिक बिंदुओं पर जांच करेगी, लेकिन शहर फिलहाल इसके लिए पूरी तैयार नहीं है। हालांकि जन प्रतिनिधि और अधिकारी अब इसके लिए गंभीर होते नजर आ रहे हैं।

महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने अधिकारियों की बैठक लेकर इसके लिए दिशा निर्देश दिया। बड़ा फैसला लिया गया कि अब कचरा फेंकने पर पेनाल्टी की राशि दोगुनी की जाएगी। इधर फिलहाल हालत यह है कि कचरा कलेक्शन सभी वार्डो में नहीं हो रहा तो पूरा शहर खास तौर पर वाल पेटिंग और दीवारें बदरंग हैं। नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो सकीं हैं तो नए वार्ड जो जुड़े हैं वह अभी भी बदहाली के शिकार हैं।

ध्यान रहे कि केंद्रीय शहरी आवासन मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए टूल किट जारी कर दिया है। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में कुल अंक बढ़ाकर 12,500 कर दिए गए हैं। इनमें 10,500 अंक स्थल आधारित मूल्यांकन से जुड़े हैं। ऐसे में रेड और येलो स्पॉट जैसे दृश्य रैंकिंग को ऊपर या नीचे ले जाने में भूमिका निभाएंगे। यानी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहरों की रैंकिंग अब साफ दिखाई देने वाली गंदगी से सीधे तय होगी। खुले में पेशाब से बनने वाले येलो स्पॉट और दीवारों पर पान-गुटखा से बने रेड स्पॉट अब केवल शिकायत तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इनके आधार पर सीधे अंक कटेंगे और रैंकिंग प्रभावित होगी।

#### दाग धब्बे मिले तो अंकों पर पड़ेगा असर

महापौर ने बताया कि मूल्यांकन टीम आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक इलाकों में खुद जाकर हालात देखेगी। मौके की फोटो और वीडियो लेकर वास्तविक स्थिति दर्ज की जाएगी। जहां भी गंदगी या पीले दाग नजर आएंगे, उसके नंबर कटेंगे। इसी तरह व्यावसायिक क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों, परिवहन केंद्रों, पर्यटन स्थलों और पार्कों में भी टीम जाएंगी। टीमें रिपोर्ट में लिखेंगे कि दीवारें और सार्वजनिक स्थल लाल धब्बों से पूरी तरह मुक्त हैं। फिलहाल शहर में हर तरफ दाग धब्बे दिख रहे हैं। इसे हटाने कहा गया है।

#### दिया गया है निर्देश

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए शहर पूरी तरह तैयार है, जो कमियां हैं उसे भी दूर कर लिया जाएगा। कोशिश रहेगी की इस बार देश भर में नंबर वन स्थान हासिल किया जा सके। अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिया गया है।

**- पूजा विधानी,**
महापौर

## रेलवे जीएम ने कोचिंग डिपो का किया निरीक्षण



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने सोमवार को बिलासपुर स्थित कोचिंग डिपो का निरीक्षण कर यात्री सुरक्षा, अग्नि संरक्षा तथा कोच अनुरक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- सुरक्षा व अग्नि संरक्षा पर दिया जोर

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिट लाइन, पावर कारों की तकनीकी स्थिति एवं विभिन्न मेंटेनेंस कार्यों का परीक्षण किया। महाप्रबंधक ने निर्देश दिए कि पावर कार इंजनों के ओवरड्यू शेड्यूल समय पर पूरे किए जाएं तथा सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अग्नि सुरक्षा से जुड़े विद्युत परीक्षणों को गंभीरता से लेते हुए नियमित जांच करने तथा पावर पैनल से संबंधित खराबियों की जांच कर उनकी पुनरावृत्ति रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मल्टीमीटर, टोंग टेस्टर एवं थर्मल स्कैनर जैसे आवश्यक उपकरण हमेशा उपलब्ध रहें, ताकि लूज कनेक्शन, ओवर करंट एवं हॉट स्पॉट जैसी समस्याओं की समय रहते पहचान की जा सके। साथ ही ऑन बोर्ड स्टाफ को आवश्यक स्पेयर एवं उपभोग्य सामग्री, विशेषकर फ्यूज, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

#### यात्री सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता

महाप्रबंधक ने पिट लाइन से रेक निकासी से पहले रेक लॉकिंग सुनिश्चित करने तथा यार्ड एवं स्टेशन यार्ड में खड़ी रेकों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के प्रस्थान से पहले कोच खोले जाएं और रेकों की प्री-कूलिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। अंत में महाप्रबंधक ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में सभी रेकों का विशेष सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्री सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## पेंशनर्स एसोसिएशन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए करेगा आंदोलन : यादव



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन जांजगीर में स्थानीय विधायक व्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर विधायक श्री कश्यप ने कहा कि शासन की योजना के अंतर्गत जांजगीर में एक सियान-सदन (पेंशनर भवन ) निर्माण कराने का प्रयास करेंगे और पेंशनरों की समस्याओं एवं मांगों के लिए विधानसभा से लेकर सड़क तक के संघर्षों में साथ देने की बात कही।

सभा की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने कहा कि एक वर्ष के अल्प अवधि में ही पेंशनर्स एसोसिएशन में 1500 से अधिक आजीवन सदस्य बन गए हैं। यह संख्या अगले वर्ष तक दोगुनी करने का आज संकल्प लेकर यहां से जाएंगे। पेंशनर्स एसोसिएशन अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए शासन का ध्यान आकृष्ट कराने समय-समय पर प्रदर्शन -ज्ञापन आंदोलन की कार्रवाई करेगी। कोषाध्यक्ष ने वर्ष 25- 26 के आय -व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसे सदस्यों ने ध्वनि मत से स्वीकृति प्रदान की। पेंशनर एसोसिएशन में पदाधिकारियों की संख्या में वृद्धि करने नियमावली संशोधन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। पेंशनरों की मांगों पर भी प्रस्ताव पारित कर शासन को ज्ञापन प्रेषित करने एवं जिला मुख्यालय में प्रदर्शन आंदोलन का निर्णय लिया गया। आम सभा को प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव, उमेश मुदलियार, बिंदेश्वर राम रौतिया, ललित पांडेय, जी एस यादव, एम पी आड़े, प्रांतीय सचिव सी एल दूबे, डी एल डहरिया, सुरेश द्विवेदी, विमला चंद्र कुंडू, पंकज नायक, राजकुमार मिश्रा, शेख कलीमुल्ला, आरके वर्मा, जी पी एम कमाल खान, प्रभात शर्मा, पवन हिरवानी, एल एन शर्मा, पवित्र सिंह बेदी आदि ने संबोधित किया। आमसभा में विशेष आमंत्रित अतिथि तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा, महामंत्री हिमाचल साहू, जांजगीर चांपा अध्यक्ष व्ही एस परिहार थे। वार्षिक आम सभा के दोनों सत्रों की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने किया एवं संचालन जी एस उपाध्याय और आभार प्रदर्शन एमपी राठौर ने किया।

## जमीन विवादः दो भाइयों के बीच चला टंगिया, 5 घायल

**बिलासपुर।** जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के घरवालों के साथ मारपीट करते हुए टंगिया से हमला कर दिया है। जिससे दोनो पक्ष के पांच लोग घायल हो गए है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। मस्तूरी डी ए स पी ला ल चं द मोहले ने बताया कि गतौरा निवासी रामकिशोर राठौर का भाई सुरेश राठौर के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 18 मई को रामकिशोर घरवालों के साथ काम करने खेत गया था। इसी दौरान सुरेश राठौर व उसके घरवाले आए और खेत को लेकर विवाद करने लगे। दोनों भाईयों के परिवार के बीच विवाद बढ़ गया।









दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट करते हुए टंगिया से जान लेवा हमला कर दिया है। जिससे दोनों पक्ष के 5 लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर दोनों पक्ष के हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

#### पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट, हुई खूनी संघर्ष

घायल रामकिशोर राठौर ने बताया कि एक दिन पहले 17 मई को वह मस्तूरी थाने भाई के द्वारा गाली गलौज कर धमकी देने की रिपोर्ट लिखाने गया था। पुलिसकर्मियों ने धमकी की कोई रिपोर्ट नहीं होता है कहकर बिना रिपोर्ट लिखाए बैरंग लौटा दिया था। उसके बाद 18 मई को दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष की वारदात हो गई है।

# अधूरा चालान पेश किया, बिल्डर सहित दोनों आरोपियों को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रिसोर्ट बनाने के नाम पर 3.15 लाख की ठगी का मामला
- कोर्ट के आदेश से मामले की होगी जांच

रिसोर्ट बनाने के नाम पर 3 करोड़ 15 लाख रुपए की ठगी के मामले में पूर्व सिविल लाइन टीआई साहू के द्वारा एक माह में अधूरा चालान पेश किया गया था। उसके बाद जेल में बंद दोनों आरोपियों को जमानत मिल गई है। पीड़ित के आवेदन पर कोर्ट ने पुलिस को मामले की फिर से जांच करने का आदेश दिया है।

इस मामले में आरोपी बिल्डर रायपुर निवासी दीपेन्द्र पाढ़ी व कुसुमाकर राव भोसले जेल में बंद थे। कोर्ट से दोनों की दो बार जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। पूर्व सिविल लाइन टीआई सुम्मत राम साहू के द्वारा आनन फानन में मामले की जांच पूर्ण हुए बिना महज एक माह में 11 मई को आरोपियों के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश कर दिया, पीड़ित विशाल चंदेल के द्वारा टीआई साहू पर आरोप लगाते हुए आरोपियों को जमानत पर लाभ दिलाने के लिए अधूरे जांच के दौरान चालान कोर्ट में पेश करने की शिकायत, जिला न्यायालय, आईजी, एसएसपी व उच्च अधिकारियों से की गई थी। इधर जेल में बंद दोनों आरोपी <B>दीपेन्द्र पाढ़ी व कुसुमाकर राव भोसले को कोर्ट से जमानत मिल गई।

#### कोर्ट के आदेश पर मामले की फिर से होगी जांच

पीड़ित विशाल चंदेल की शिकायत पर एसएसपी ने सिविल लाइन सीएसपी को उक्त धोखाधड़ी मामले की फिर से जांच कराने का आदेश दिया है। 18 मई को सिविल लाइन पुलिस ने उक्त मामले की फिर से जांच करने अनुमति देने कोर्ट में आवेदन दिया गया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को मामले की फिर से जांच करने का आदेश दिया है। एक बार फिर पुलिस विभिन्न बिन्दुओं के आधार पर मामले की जांच पुरी कर पूरक चालान कोर्ट में पेश करेगी।

### मांगों को लेकर वन कर्मचारियों का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** संभाग समेत आसपास के जिलों से पहुंचे वन कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में वन कर्मचारी धरने में शामिल हुए और विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। संभागीय अध्यक्ष प्रीतम कुमार पुराईन ने बताया कि विभागीय जांच, अवकाश प्रकरण, सेवा पुष्टि सत्यापन, विभिन्न भत्तों और वर्दी अनुदान समेत करीब 17 से 18 मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार अधिकारियों के सामने मांगें रखी गईं। वन कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में भी कई बार विभाग के अधिकारियों के सामने मांगें रखी गईं, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकल पाया। इसी के चलते कर्मचारियों ने सत्याग्रह और सांकेतिक धरने का रास्ता अपनाया है। वहीं बिलासपुर वन वृत के सीसीएफ मनोज पांडेय ने कहा कि कर्मचारियों की कुछ मांगों पर लगातार चर्चा और विचार-विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य एक साथ संभव नहीं हो पाते, लेकिन समय-समय पर मांगों के अनुसार काम किया जा रहा है।

बिजनेस प्लस

## पूजा रेसिडेंसी में आधुनिक सुविधाओं का विकल्प




**बिलासपुर।** शहर में तेजी से बढ़ते शहरी विकास के बीच लोगों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी दिशा में माताश्री रियलिटीज द्वारा विकसित "पूजा रेसिडेंसी" एक आधुनिक और सुविधाजनक आवासीय परियोजना के रूप में उभरकर सामने आई है।

माताश्री रियलिटीज के संचालक अनिल अग्रवाल ने बताया कि यह परियोजना उन लोगों के लिए विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जो शहर की भीड़भाड़ से दूर शांत वातावरण में अपने सपनों का घर बनाना चाहते हैं। "जहां हर प्लॉट बने आपके घर की शुरुआत..." की थीम पर आधारित यह परियोजना बिलासपुर के चिल्हाटी, मोपका क्षेत्र में स्थित है। परियोजना का स्थान ऐसा चुना गया है, जहां से शहर के प्रमुख स्थानों तक पहुंच आसान और सुविधाजनक हो। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन यहां से लगभग 8 किमी की दूरी पर स्थित है, जबकि अपोलो हॉस्पिटल लगभग 6 किमी दूर है। पेट्रोल पंप, आरटीओ कार्यालय, ब्रिलियंट स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल जैसी आवश्यक सुविधाएं भी परियोजना के आसपास उपलब्ध हैं। यहां आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। परियोजना में भव्य प्रवेश द्वार, बीटी रोड, सोलर स्ट्रीट लाइट, गार्डन और प्रत्येक प्लॉट तक पानी की आपूर्ति जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाया जा रहा है। ट्रांसफार्मर सीएसपीडीसीएल मानकों के अनुसार स्थापित करने की योजना है। परियोजना को रेरा से स्वीकृति प्राप्त है। पूजा रेसिडेंसी को एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख वित्तीय संस्थानों का सहयोग प्राप्त है। श्री अग्रवाल ने बताया कि परियोजना में हर वर्ग के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्लॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बिलासपुर शहर के तेजी से विकसित होते क्षेत्रों में यह परियोजना आने वाले समय में निवेश और आवास दोनों दृष्टि से लाभदायक साबित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### रसूखदार जुआरियों को कोर्ट से मिली जमानत



**बिलासपुर।** फार्महाउस में जुआ खेलते पकड़े गए रसूखदार 8 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया। जहां से जुआरी जमानत पर रिहा हो गए है।
17 मई को पुलिस ने कोनी गतौरी स्थित वृंदावन ग्रीन स्थित मनीष शर्मा के फार्महाउस में दबिश देकर जुआ खेलते फार्महाउस संचालक मनीष शर्मा विद्यानगर, रोशन सिंह ओमनगर जरहाभाठा, मुन्न गोयल राजीव गांधी चौक, विकास सिंह दीनदयाल कालोनी मंगला, नीरज शर्मा विद्यानगर, दीपक अग्रवाल रामालाइफ सिटी, चंद्रकिशन अग्रवाल तखतपुर, मयंक सोनकर नया बस स्टैण्ड तिफरा निवासी को पकड़कर 3 लाख 80 हजार रुपए, 5 कार, 11 मोबाइल जब्त किया गया था। 18 मई को पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी जुआरी जमानत मिलने पर रिहा हो गए हैं।

### रिसोर्ट में जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने रिसोर्ट में जुआ खेलते पांच जुआरियो को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस को सूचना मिली पीपर तराई स्थित सिल्वर रिसोर्ट में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने रिसोर्ट में दबिश देकर जुआ खेलते जूना बिलासपुर निवासी अखिलेश देवांगन, युगल देवांगन, शांत प्रकाश देवांगन, पुष्पराज देवांगन, विहान देवांगन को पकड़ लिया है । उनके पास से 8780 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियो को गिरफ्तार कर लिया है।

### टिन का शेड उखाड़कर कपड़ा दुकान से चोरी

**बिलासपुर।** टिन का शेड उखाड़कर चोरों ने कपड़ा दुकान के गल्ले से नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जूनी लाइन निवासी अब्बास वनक पिता आदम अली वनक गोलबाजार में नेशनल होजियारी कपड़ा की दुकान चलाते हैं। 16 मई की रात 9.30 बजे दुकान बंदकर घर आ गए थे। 17 मई की सुबह 10 बजे दुकान का शटर खोलकर अंदर गए तो ऊपर टिन का शेड टूटा हुआ था। गल्ले में रखे 25 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष को धमकी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गोलीकांड के बाद सोशल मीडिया में मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष को धमकी दी गई है। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, जनपद उपाध्यक्ष मस्तूरी निवासी नितेश सिंह पिता श्रीराम कुमार सिंह 35 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 11 मई को उनका वैवाहिक वर्षगांठ थी। फेसबुक में उनका मित्र एवं रिश्तेदार बधाई दी थी। दोपहर 3 बजे वे अपने घर में थे और फेसबुक चला रहे थे। प्रियांशु नामक फेसबुक आईडी से उन्हें मैसेज किया, उसमें लिखा था कि तेरे अंदर हिम्मत है तो मेरे को गोली मार के दिखा। उन्होंने इस मैसेज का कोई जवाब नहीं दिया। दो दिन पूर्व वे अपने दोस्त राजा सिंह के साथ थे। उस दौरान प्रियांशु सिंह ने फेसबुक मैसेन्जर के माध्यम से काल किया। उन्होंने काल रिसीव किया तो वह गंदी गंदी गाली देने लगा। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर फेसबुक आईडी धारक प्रियांशु सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 4, 55 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**कांग्रेस की ओर से कई विधायक शामिल**

**नगर निगम के वार्ड 29 संजयनगर में पार्षद पद का उपचुनाव, भाजपा की ओर से महापौर रहे मौजूद**

# वार्ड उप चुनाव के नामांकन में उमड़े भाजपा-कांग्रेस के बड़े नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम एकमात्र वार्ड 29 संजयनगर में पार्षद पद के लिए हो रहे उपचुनाव को भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने प्रतिष्ठापूर्ण बना दिया है। सोमवार को भाजपा व कांग्रेस सहित आम आदमी पार्टी व निर्दलीय मिलाकर चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इस नामांकन दाखिले के दौरान कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री अनेक पूर्व विधायकों सहित कई वर्तमान विधायक और भाजपा की ओर से मेयर व पूर्व मेयर सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

शहर के वार्ड नंबर 29 संजयनगर में पार्षद पद के उपचुनाव के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया के अंतिम दिन कलेक्टोरेट परिसर में भारी गहमागहमी रही और गहमागहमी के बीच पार्षद प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया, लेकिन नामांकन दाखिल के दौरान दोनों ही पार्टी के कई बड़े नेताओं की मौजूदगी से ऐसा लगने लगा रहा था कि यह छोटा उपचुनाव न होकर विधानसभा का चुनाव हो। संजयनगर वार्ड से भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन राव दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्टोरेट नामांकन दाखिल करने कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ पहुंचे। नामांकन दाखिल के दौरान उनके साथ महापौर पूजा विधानी, निगम सभापति विनोद सोनी, जिलाध्यक्ष शहर भाजपा दीपक सिंह, पूर्व महापौर किशोर राय समेत भाजपा मंडल अध्यक्ष, मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहें। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद आजम खान करीब पौने तीन बजे नामांकन दाखिल करने पहुंचे और उनके साथ खरसिया विधायक उमेश पटेल, विधायक दिलीप लहरिया, विधायक अटल श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री, बिलासपुर जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, महापौर रामशरण यादव, राजेश पांडेय, प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ला सहित कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की भीड़ शामिल थी। लेकिन रिटर्निंग आफिसर के कक्ष के बाहर तैनात पुलिस बल ने भीड़ को बाहर ही रोक दिया और कुछ लोगों को ही भीतर जाने दिया गया। इस तरह आज नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन भारी गहमागहमी का माहौल रहा।



कलेक्टोरेट में नामांकन दाखिल करने समर्थकों के साथ पहुंचे भाजपा प्रत्याशी।



कांग्रेस प्रत्याशी समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे कलेक्टोरेट।

### 6 लोगों ने फार्म लिया, चार प्रत्याशियों ने दाखिल किया

वार्ड नंबर 29 संजयनगर से उपचुनाव तहत पार्षद पद के लिए कुल 6 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र लिया था, जिसमें मधुसूदन राव, आजम खान, शाहिल खान, स्टेनफोर्ड काटर रेड्डू, मो. तसलीम और जयपाल शामिल थे। इनमें से भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन राव, कांग्रेस प्रत्याशी मो. आजम खान, आम आदमी पार्टी प्रत्याशी शाहिल खान और निर्दलीय प्रत्याशी स्टेनफोर्ड काटर रेडडू चार लोगों ने नामांकन दाखिल किया है, जबकि तसलीम व जयपाल ने नामांकन जमा नहीं किया।

### नामांकन पत्रों की संवीक्षा आज

नगर निगम उपचुनाव अंतर्गत 11 मई से शुरू हुए नाम निर्देशन प्रक्रिया का सोमवार को अंतिम दिन था। अब 19 मई को नाम निर्देशन की संवीक्षा होगी तथा 21 मई को अभ्यर्थियों के नाम वापसी का दिन रहेगा। शहर के तारबाहर क्षेत्र में संजय नगर वार्ड में नगरीय निकाय आम चुनाव दौरान कांग्रेस की टिकट पर शेख असलम चुनाव जीतकर आए थे। पार्षद शेख असलम का कुछ माह पहले ही निधन हो गया तब से वहां पार्षद का पद खाली है जिसके चलते उपचुनाव की स्थिति बनी।

**सिरगिट्टी क्षेत्र के बन्नाक चौक में हुई वारदात**

# घर में घुसकर डीएसपी के भाई पर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप

मुख्य आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराए में दिए गए अपने मकान से अय्याशी कर रहे युवक युवती को भगाना कवर्धा में पदस्थ डीएसपी के भाई को भारी पड़ गया। भगाए गए युवक ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर मारपीट करते हुए उन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है, मुख्य आरोपी फरार है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, बन्नाक चौक निवासी पशुपतिनाथ मिश्रा घर के सामने स्टील की दुकान है। उनके छोटे भाई बदीनारायण मिश्रा कवर्धा सीएएफ में डीएसपी हैं। श्री मिश्रा ने दुकान में काम करने वाले कर्मचारी प्रेम मरकाम, उसकी पत्नी रोशनी मरकाम को एक कमरा को रहने के लिए दिया है। 17 मई की रात 9.30 बजे श्री मिश्रा खाना खाकर बाहर निकले तो कर्मचारी प्रेम मरकाम के कमरे से कुछ आवाज आ रही थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने कर्मचारी प्रेम मरकाम को फोन लगाकर पूछा तो उसने कहा वह बाहर है। उन्होंने उसे तत्काल बुलाकर उसके कमरे का ताला खुलवाया तो वहां एक युवक, युवती मौजूद थे। श्री मिश्रा ने आपत्ति करते हुए प्रेम मरकाम को घर खाली करने कहा। कर्मचारी पति पत्नी ने माफी मांगते हुए दूसरे दिन घर खाली कर देने की बात कही। कमरे में मौजूद युवक ने अपना नाम घनश्याम धनकर बताया, उस समय वह युवती के साथ चला गया । रात 10.35 बजे दरवाजा खटखटाने की आवाज आने पर श्री मिश्रा ने दरवाजा खोला घनश्याम धनकर एवं उसके साथी दरवाजे को धक्का देखकर अंदर घुस गए और जान से मारने की धमकी देते हुए श्री मिश्रा पर चाकू से हमला कर दिया। उसके बाद श्री मिश्रा एवं उनकी पत्नी रेनु मिश्रा ने युवकों को धक्का देकर से बाहर कर दिया। युवक दरवाजे को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश करते हुए पथराव करने लगे। परिवार के लोगों के एकत्रित होने पर हमलावर युवक भाग निकले। श्री मिश्रा के बाए कमर व अन्य हिस्सों में चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने श्रीमती मिश्रा की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर इंदिरा कालोनी निवासी पीयूष रजक पिता मदन रजक, अविनाश मिश्रा पिता राकेश मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी घनश्याम धनकर एवं अन्य फरार हैं।



सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी। इनसेट में घायल।

### सरकण्डा में दो लोगों पर चाकू से हमला

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, आर यादव नगर बहतराई निवासी अमन गंधर्व पिता शनित गंधर्व 17 मई को रात 11 बजे तालाब के पास मोबाइल चलाते बैठे हुए थे। इसी दौरान मैडी का दोस्त आया और उनका मोबाइल रख लिया। मोबाइल मांगने पर नहीं दूंगा कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमलाकर मोबाइल वापस कर दिया। उनकी पीठ व गर्दन में चोट आई है। दूसरी घटना में हरश्रृंगार अटल आवास निवासी भीम चंद्राकर 17 मई की रात 8.30 बजे घर में थे। मनीष यादव, जितेन्द्र यादव उनकी बेटी के साथ गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने मना किया तो दोनों युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

# 90 किलो गांजा छिपाकर जा रहीं 8 महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कपड़ा के गठ्ठे में 90 किलो गांजा छिपाकर जा रही 8 महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सी ए स पी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, 17 मई की रात मुखबिर से सूचना मिली दो इलेक्ट्रिक आटो में रेलवे स्टेशन से सीपत की ओर महिलाए भारी मात्रा में गांजा लेकर जा रही हैं। पुलिस ने सीपत रोड सीमेंट कंपनी के पास घेराबंदी कर दोनों इलेक्ट्रिक आटो को रोककर महिलाओं से पूछताछ की। जांच करने पर पुलिस को 8 प्लास्टिक की बोरियों में कपड़ों के गठ्ठे में छिपाकर रखे गए 86 पैकेट में 90 किलो गांजा मिला। पुलिस ने मटियारी निवासी अशोक बाई पति सुदामा शिकारी 45 साल, नंद कुमार पति लालमन शिकारी 45 साल, लक्ष्मी शिकारी पति बलराम 30 साल, द्रोपती शिकारी पति लालू शिकारी 50 साल, गंगा सिंह पति विद्या सिंह शिकारी 50 साल, ग्यास बाई पति लालू शिकारी 50 साल, रम्मती शिकारी पति स्व. चंद्रलाल 50 साल, इंद्राणी पति दिलीप शिकारी 45 साल को 20 बी, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। महिलाओं को गांजा कहां से मिला और उसका असली सप्लायर कौन है, पुलिस इसका पता लगा रही है।



आरोपी महिलाएं।

# अवैध रेत खनन पर कार्रवाई करने आधी रात रायपुर से पहुंची केंद्रीय उड़नदस्ता टीम

**बिलासपुर।** रेत के अवैध खनन के मामलों में कार्रवाई करने खनिज विभाग की केंद्रीय उड़नदस्ता की टीम रायपुर से आधी रात बिलासपुर जिला पहुंची। यहां उन्होंने पचपेड़ी तहसील अंतर्गत उदईबंद व अमलडीहा में शिवनाथ नदी पर अवैध उत्खनन के मामलों पर कार्रवाई की। टीम को आता देख मशीनों के संचालक मौके से फरार हो गए, लेकिन अवैध खनन में उपयोग किए जा रहे तीन चेन माऊंटेन जब्त कर लिए गए हैं।

- टीम को देखते ही फरार हुए मशीन ऑपरेटर

जिले में अवैध रेत खनन के मामले इतने बढ़ गए हैं कि कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय उड़नदस्ता टीम को रायपुर से बिलासपुर जिला आना पड़ गया। विभाग के अनुसार खनिज विभाग के सचिव और संचालक के निर्देश पर केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता की संयुक्त टीम आधी रात जिले में औचक निरीक्षण के लिए पहुंची। इस दौरान टीम ने पचपेड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम उदईबंध एवं अमलडीहा क्षेत्र में शिवनाथ नदी में मशीनों के माध्यम से अवैध रेत उत्खनन होना पाया। मौके पर तीन चैन माउंटेन मशीनें अवैध उत्खनन में संलग्न मिलीं। जांच दल को देखकर मशीन ऑपरेटर मशीनों आनन-फानन में मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। खनिज विभाग द्वारा मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत ग्राम उदईबंध में दो तथा अमलडीहा में एक चैन माउंटेन मशीन को जप्त कर सील कर दिया है। टीम के द्वारा तीनों वाहनों के संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए मशीनों के मुख्य द्वार पर चस्पा किया गया है। कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि शासन को राजस्व हानि पहुंचाने वाली अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी औचक छामामार एवं कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



### रूटीन जांच की गई है

केंद्रीय उड़नदस्ता टीम के द्वारा प्रदेश के किसी भी जिले में औचक निरीक्षण करना और मौके पर अवैध खनन पाए जाने पर कार्रवाई करना एक सामान्य और रूटीन की प्रक्रिया है। जिले में अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग की कार्रवाई तो लगातार चल ही रही है।

-किशोर कुमार गोलघाटे, उपसंचालक खनिज विभाग

# डॉक्टर की मनमानी, पीएम करने के बजाय परिजनों को भेजा सिम्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा साामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृतक का पीएम करने से डाक्टर ने हाथ खड़ा कर दिया, डाक्टर ने इस दौरान परिजनों को सीधे सिम्स जाने की नसीहत दी, परिजनों की फरियाद भी अनसुनी करते हुए उन्हें जेल भेजवाने की धमकी भी दे दी। जिसके बाद परिजनों शव को लेकर सिम्स पहुंचे, लेकिन यहां भी पुलिसिया दस्तावेज नहीं मिलने के कारण पीएम के लिए घंटों चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र के ग्राम दरहा का है। जहां आशीष लोधी पिता महावीर लोधी ने लगे में फांसी लगाकर रविवार की रात को खुदकुशी कर ली। परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी और पुलिस ने पंचनामा कर पीएम के लिए शव को बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवा दिया, लेकिन बिल्हा अस्पताल के डाक्टर ए आर बंजारे ने पीएम करने से मना कर दिया। डाक्टर ने मृतक की बॉडी में संदेहात्मक निशान देखा, जिसके बाद उन्होंने पीएम करने को लेकर अपनी असहमति जताई , लेकिन परिजन पीएम कराने के लिए कहते रहे। जिसके बाद डाक्टर ने परिजनों को सीधे सिम्स जानने के लिए कह दिया, परिजनों के इनकार के बाद डाक्टर ने परिजनों को ही केस में फंसाने की बात कही, जिसके बाद उन्हें लौटना पड़ा, वे शव लेकर दोपहर 2 बजे सिम्स के मरच्यूरी पहुंचे। इस दौरान सिम्स अस्पताल ने औपचारिकता पूरी करने के लिए कहा, लेकिन संबंधित थाने से सिम्स के लिए पीएम का दस्तावेज नहीं मिलने से पीएम रोक दिया गया, जिसके बाद परिजनों को एक बार फिर बिल्हा की दौड़ लगानी पड़ी। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और डाक्टरों की मनमानी के कारण पीड़ित परिवार को खासी मशक्कत उठानी पड़ी है। मामले में सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने कहा कि पीएम करने वाले डाक्टर से बात की गई है, डाक्टर ने बताया कि शव में कई चीजे संदेहात्मक थीं, जिसके चलते उन्होंने परिजनों से बात कर सिम्स जैसे बड़े अस्पताल में फोरेंसिक पीएम कराने की बात कही है।





मृतक

- परिजनों को दी पुलिस की धमकी
- परिजनों ने बताई आपबीती

### डाक्टर से बात की जाएगी

पीएम के लिए परिजनों को सिम्स भेजने का मामला मेरा पास नहीं आया है। इस विषय में डाक्टर से बात की जाएगी। खुदकुशी जैसे मामलों में ज्यादातर सिम्स शव नहीं भेजा जाता है लेकिन अगर डाक्टर को कोई शव हो तो एक्सपर्ट के तौर पर वह अपना मत नहीं दे सकता है इसलिए कई बार शव को सिम्स भेजना पड़ता है।

-डॉ एसके गुप्ता, बीएमओ, बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

# गौमांस खरीदकर सब्जी बनाते दंपती व विक्रेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा से गौमांस खरीदकर सब्जी बनाते हुए पति पत्नी व खरीददार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से 5 किलो गौमांस जब्त किया गया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, बाम्बे आवास निवासी विकास बघेल, उसकी पत्नी रूखमणी बघेल 17 मई को कोटा से गौमांस खरीदकर घर आए और कुछ मांस का सब्जी बना रहे थे। इस दौरान पति ने पत्नी ने शराब पी और नशे में दोनों झकड़ने लगे। गौमांस की दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने गौ सेवकों को सूचना दे दी। बड़ी संख्या में गौ सेवक वहां पहुंचकर हंगामा मचाने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घर की तलाशी लेने पर 5 किलो गौमांस व सब्जी पका हुआ मांस मिला। पुलिस पति पत्नी को पकड़कर थाने ले आई। इधर गौ सेवको की भीड़ थाने पहुंच गई और कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगी।



- कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में हंगामा

पुलिस अधिकारियों की समझाइस पर हंगामा शांत हुआ। पुलिस ने पति पत्नी से पूछताछ करने के बाद गौ मांस बेचने वाले कोटा निवासी नरेन्द्र अनंत को पकड़ लिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 10, 5, 299, 3, 5 के तहत तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 4 मवेशी तस्कर गिरफ्तार

सीपत पुलिस के अनुसार, डीपूपारा निवासी बजरंग दल के कार्यकर्ता आनंद महरा पिता सिदेश्वर महरा ने कार्यकर्ताओं के साथ 17 मई को ग्राम कौडिया में रात 9.30 बजे चार लोगों को बैल को वध करने की नीयत से बांधकर ले जाते हुए पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 10, 6 के तहत तस्कर बृजनंदर यादव, जगतराम गोंड, उमेश कुमार गोंड, सोनाउराम गोंड को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से - 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
14 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**सेतगंगा/मुंगेली।** जिले सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में वट सावित्री का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर दिन भर का उपवास रखा और पूरे विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की।

### उपचुनाव: भाजपा प्रत्याशी ने भरा नामांकन



**सरगांव।** नगरीय निकाय उपचुनाव 2026 के अंतर्गत सरगांव नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 7 से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी पूजा कमल कौशिक ने समर्थकों एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर बिल्हा विधानसभा के विधायक धरमलाल कौशिक, बाबा परेटन गिरी गोस्वामी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, रामजुड़ावन साहू, रणजीत सिंह हुरा, रामकुमार कौशिक, पंकज वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पार्षद, वार्डवासी एवं प्रस्तावक कोमल कौशिक उपस्थित रहे।

### डाइट पेंड्रा की वार्षिक पत्रिका कादंबरी का विमोचन



**पेंड्रा।** डाइट पेंड्रा की वार्षिक पत्रिका "कादंबरी" का विमोचन संस्थान में वातावरण में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य जे.पी. पुष्प, सहायक प्राध्यापक ममता चक्रवर्ती, शांति पेन्ड्रो, व्याख्याता रश्मि नामदेव, सहायक शिक्षक आशुतोष दुबे तथा कार्यालय सहायक नील बहादुर काशीपुरी उपस्थित रहे। पत्रिका का विमोचन डाइट पेंड्रा में संचालित निशुल्क कोचिंग के विद्यार्थियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वर्षभर के शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यों को पत्रिका के माध्यम से साझा किया गया। संस्थान के प्राचार्य जे.पी. पुष्प के संरक्षण तथा सेवा निवृत्त उपप्राचार्य आभा सिंह के मार्गदर्शन में प्रकाशित इस पत्रिका का संपादन रश्मि नामदेव ने किया है, जबकि सह संपादक एवं डिजाइनर की भूमिका आशुतोष दुबे ने निभाई है। उपस्थित अतिथियों ने पत्रिका "कादंबरी" की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल आकर्षक स्वरूप में तैयार की गई है, बल्कि इसकी सामग्री भी अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक है।


### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ चलाई साइकिल



**मल्हार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मिशन लाइफ' ईंधन बचत अभियान को आगे बढ़ाते हुए भाजपा मंडल मल्हार के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने शनिवार को अपने निवास से सब्जी बाजार तक लगभग 6 किलोमीटर का सफर साइकिल से तय किया। इस साइकिल यात्रा में मंडल पदाधिकारी लोकनाथ बंजारे, दिलीप पांडे, रवि सिह, भूरु केवट, हिरा निर्मलकर, श्याम घोष, अनिल सिंह, लोकेश सिंह, रूपेश कुमार, राजेंद्र कुर्रे सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए और बाजार पहुंचकर मंडल अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को ईंधन बचत की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि 5 किलोमीटर तक की दूरी हम साइकिल से ही तय करेंगे, पेट्रोल-डीजल बचाएंगे और देश को आगे बढ़ाएंगे। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि, पीएम मोदी का मंत्र है 'छोटी दूरी, साइकिल जरूरी'। अगर हर नागरिक सप्ताह में एक दिन भी साइकिल अपनाए तो करोड़ों लीटर ईंधन बचेगा और यह पैसा देश के विकास में लगेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि, गांव-गांव जाकर आम लोगों को ईंधन बचत के लिए जागरूक करें।

### रोहन को मिली बीएससी एग्रीकल्चर की उपाधि

**मल्हार।** प्रगतिशील कृषक दंपत्ति दिव्या जदुनंदन वर्मा के पुत्र रोहन कुमार वर्मा ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने माता-पिता सहित पूरे नगर का नाम गौरवान्वित किया है। रोहन कुमार वर्मा ने बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की परीक्षा में 71.10 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में यह उपाधि हासिल की है। गत 15 मई को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने यह उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



## मनियारी नदी में पानी आने से लोगों को मिली राहत

# बरेला तक पहुंचा खुड़िया जलाशय से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव



मनियारी नदी में गहराते जल संकट और क्षेत्रवासियों की बढ़ती परेशानियों को देखते हुए प्रशासन ने खुड़िया जलाशय से नदी में पानी छोड़ा है। "मनियारी नदी के अस्तित्व पर संकट, पानी की जगह उड़ रही धूल" शीर्षक से हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और खुड़िया जलाशय से पानी छोड़े जाने के निर्णय पर अमल किया गया। छोड़ा गया पानी बरेला क्षेत्र तक पहुंच चुका है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

बीते कई दिनों से क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई और पशुओं के लिए पानी की गंभीर समस्या बनी हुई थी। मनियारी नदी के सूख जाने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे थे। नदी के किनारे बसे गांवों में जल स्तर तेजी से गिर रहा था और ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और कलेक्टर की अनुमति मिलने पर 29 अप्रैल को खुड़िया जलाशय से नियंत्रित रूप से पानी छोड़ा गया। इसके साथ ही नहरों में भी जल प्रवाह शुरू कराया गया तथा क्षेत्र के अनेक तालाबों को भरवाने की व्यवस्था की गई, ताकि ग्रामीणों एवं पशुओं के लिए निस्तारी की समस्या दूर हो सके। ग्रामीणों के अनुसार, मनियारी नदी में दोबारा पानी बहता देख गांवों में खुशी का माहौल है। जहां कुछ दिनों पहले नदी का तल सूखी धरती और उड़ती धूल से भर गया था, वहीं अब जल प्रवाह दिखाई देने लगा है। किसानों का कहना है कि समय पर पानी पहुंचने से सब्जियों सहित अन्य फसलें सूखने से बच सकेंगी। वहीं पशुपालकों को भी बड़ी राहत मिली है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाने की परेशानी से भी काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद जगी है। नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि जल संसाधन विभाग सक्रिय हुआ और खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ा गया। इससे न केवल गिरते जल स्तर को संभालने में मदद मिली, बल्कि क्षेत्र की निस्तारी व्यवस्था भी सुचारु हो सकी।

### छोड़ा गया है पानी

कलेक्टर से अनुमति प्राप्त होने के बाद 29 अप्रैल को खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ा गया। इसी दौरान नहरों में भी पानी प्रवाहित किया गया तथा क्षेत्र के कई तालाबों को भरा गया है। चूंकि नदी पूरी तरह सूख चुकी थी, इसलिए पानी को बहते हुए बरेला क्षेत्र से आगे तक पहुंचने में समय लगा, लेकिन अब जल प्रवाह लगातार आगे बढ़ रहा है।

**-हेमेंद्र देव सिंह,** ईई जल संसाधन विभाग, मुंगेली

## मरवाही ब्लॉक की रटगा पंचायत में पांच दिनों से ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही



ब्लॉक के रटगा पंचायत का मुख्य देवराज टोला गत शुक्रवार से अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामवासी बिजली विभाग के चक्कर लगा रहे हैं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

रटगा निवासी आनन्द करियाम ने बताया कि बिजली की बहाली के लिए, ग्रामवासी लगातार तीन चार दिन से मरवाही कार्यालय जा रहे हैं। जहां एई जफर मालिक नहीं मिल रहे हैं। यहां की जनपद सदस्य रजनी भानू ने बताया कि पिछले 5 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है। गांव के लिए विभाग के पास ट्रांसफार्मर नहीं है। कुम्हारी के एक मिल में ट्रांसफारमर लगाकर कनेक्शन दिया गया जबकि हमारे गांव में अंधेरा है। जनपद सदस्य ने यह भी बताया कि बिजली विभाग की अनदेखी इस कदर है कि लगभग 1 साल से स्कूल एवं आंगनबाड़ी के पास के तीन बिजली पोल टूटे हुए हैं जिसे ग्रामीणों ने बांस का सहारा देकर उठाया हुआ है जिसको मौके में कलेक्टर ने देखा था और बिजली विभाग को सुधार करने के लिए कहा पर आज भी स्थिति वही है।

### लगेगा नया ट्रांसफार्मर

पिछले एक साल से ठेका वाले काम नहीं कर रहे हैं। अब ठेका शुरू हो गया है। बिजली पोल जो टूटे हुए हैं उन्हें बदला जाएगा। रही बात ट्रांसफार्मर की तो वो कल तक नया लग जाएगा। आंधी पानी के कारण जगह जगह ब्रेकडाउन होने के कारण स्टाफ की भी कमी है।

**-एनपी सिंह,** डीईसी, एसपीडीसीएल, जीपीएम

# शनि मंदिर का मना 21वां स्थापना दिवस



**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित शनि मंदिर परिसर में शनिवार को भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर का 21वां स्थापना दिवस और शनि जयंती का पावन पर्व पूरे विधि-विधान मनाया गया। इस दोहरे संयोग को लेकर नगर सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों के भक्तों में भारी उत्साह रही। सुबह से ही मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई।

सुबह से शुरू हुए विशेष अनुष्ठान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार तड़के से ही मंदिर में धार्मिक गतिविधियों की शुरुआत हो गई। प्रातः कालीन सत्र में विद्वान पुरोहितों के सानिध्य में बाबा का विशेष पूजन, हवन और अभिषेक संपन्न कराया गया। आहुतियों के साथ पूरा परिसर मंत्रोच्चार और जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की गई। मंदिर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार अनुष्ठानों के बाद दोपहर में एक 'विशाल भंडारा प्रसाद' का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। वहीं, उत्सव का मुख्य आकर्षण शाम को होने वाली 'भजन संध्या' रही।

# ज्वेलरी दुकान के सामने कांग्रेसियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डिंडोरी के संयुक्त तत्वावधान में राशन और सोना चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रर्दशन किया गया। कांग्रेसियों ने कहा सोने की क़ीमत डेढ़ लाख पार हो गई है जिसके कारण घर परिवार में कोई भी मांगलिक कार्य में सोने चांदी का उपयोग कर पाना आम व्यक्ति के लिए मुश्किल हो चुका है। आम जनता के लिए अपनी गृहस्थी को सफलतापूर्वक सुचारु रुप से चला पाना बहुत कठिन हो रहा है। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर, डिंडौरी ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरूप श्याम, पूर्व जप अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ,प्रदीप कुमार दुबे ,नितेश पाठक ,जिला उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य वैष्णव,लखन कश्यप, विद्यानंद चंद्राकर,हेमिन मंगेशकर, बिंदु यादव ,रामशरण खण्डे आदित्य दास वैष्णव आकाश वैष्णव ,प्रकाश वैष्णव ,हेमंत दास मानिकपुरी ,सोहन वर्मा ,राम निहोरा कश्यप,राकेश रजक ,रामशरण खांडे,जगदीश चतुर्वेदी,अनिल बंजारा ,पवन खांडेकर ,जीवन साहू ,रेशम लाल शिवदयाल साहू ,टेकू राम साह बलिराम यादव ,कृष्णा निषाद पार्षद,कैलाश यादव ,संदीप वैष्णव ,संजय जायसवाल ,एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जनगणना कार्य में नहीं बरती जाएगी लापरवाही

**मुंगेली।** जनगणना 2027 अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिले में यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य तेजी और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में जिले में 99.64 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और जनगणना अभियान अंतिम चरण में पहुंच गया है। उन्होंने जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया है कि कार्य की गुणवत्ता एवं सटीकता बनाए रखते हुए शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण करें। जनगणना देश की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होती है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी प्रितेश अहिरवार ने बताया कि जिले में अब तक कुल 02 लाख 38 हजार 749 मकानों की गणना का कार्य प्रगणकों द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य के लिए जिले में कुल 01 हजार 380 प्रगणना क्षेत्र निर्धारित किए गए थे, जिनमें से 01 हजार 375 क्षेत्रों में कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष क्षेत्रों में भी तेजी से कार्य जारी है और निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, 2 जेसीबी, 3 ट्रैक्टर और 1 टिपर जब्त



**पेंड्रा।** जिले में खनिज विभाग ने अवैध रेत और मुरुम उत्खनन तथा परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाते हुए 2 जेसीबी, 3 ट्रैक्टर और 1 टिप्पर वाहन जप्त किए हैं।

खनिज विभाग की टीम ने टिकरकला क्षेत्र में अवैध उत्खनन में संलिप्त एक जेसीबी वाहन को जप्त किया। वहीं रूमगा क्षेत्र से एक टिप्पर और एक ट्रैक्टर वाहन को पकड़ा गया। इसके अलावा कोटमी क्षेत्र में मुरुम का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर वाहन को भी जप्त किया गया। साथ ही अवैध रेत परिवहन में लगे एक ट्रैक्टर पर भी कार्रवाई की गई। खनिज विभाग के अनुसार सभी वाहन स्वामियों के खिलाफ खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(1), 21(5) एवं 23(क) के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अर्थदंड या समझौता राशि जमा कराने के बाद ही वाहनों को मुक्त किया जाएगा। खनिज विभाग ने कहा है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस अभियान में सहायक खनिज अधिकारी आदित्य मानकर, खनि निरीक्षक सुजीत कंवर, खनि सिपाही शिवकुमार लहरे और नगर सैनिक सतीश साहू शामिल रहे।

### 15 हाईस्कूल भवनों के लिए ढाई करोड़ स्वीकृत

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने लोनिवि विशेष मरम्मत मद अंतर्गत 15 हाई स्कूल भवनों में मरम्मत कार्य के लिए 2 करोड़ 49 लाख 39 हजार स्वीकृति प्रदान की है। अरुण साव ने कहा कि सुघर स्कूल सुघ्घर पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए अतिआवश्यक है। भाजपा सरकार शिक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील तरीके से कार्य कर रही है। लोरमी क्षेत्र में विद्यार्थियों ने शिक्षा को लेकर अलग पहचान बनाई हैं। क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान भवनों के लिए ध्यान केन्दित हुआ,अब भवनों की मरम्मत कार्य होने से जर्जर भवनों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए राशि कमी नहीं होने दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार स्वीकृति में लोरमी के गर्ल्स हाई स्कूल भवन, 16.25, झाफल हाई स्कूल भवन 15.36,मोहबंधा-16.26,परदेशीकापा-19.93भालुखोंदरा-19.93, करनकापा19.93, बोड़तरा-15.73, बघमार-15.40, दाऊकापा-15.33,खपरीकला-18.23, भाठा-15.33, लगरा-14.46, कोयलारी-15.41, मनोहरपुर-16.43, चंदली-15.41 कुल 2करोड़ 49लाख 39 हजार स्वीकृति प्रदान किया गया है।

# संग्रहालय दिवस पर निकली विरासत संरक्षण जागरूकता रैली




**मल्हार।** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर तक्षशिला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोंधरा एवं बीपीडी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक विरासत संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मध्यनगरी स्कूल से प्रारंभ होकर भीम किचक मंदिर होते हुए पातालेश्वर मंदिर तक निकाली गई।

रैली के दौरान विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा "अपनी विरासत बचाओ", "सांस्कृतिक धरोहर हमारी पहचान" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया तथा विरासत संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में ओमप्रकाश पांडे, संजीव पांडे, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अकत राम सिन्हा, पूर्व प्रधान पाठक शेष नारायण गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर व करुणेश कुमार नापीत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सिन्हा एवं जिला संगठक कांति अंचल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक पुनेश कुमार पटेल, प्रदीप वैष्णव, राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू, प्रीतम पटेल, चंद्र कुमार पटेल, शुभम जोगी, रामायण भानु, कुंती, निहारिका, गीतांजलि, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, प्रतीक्षा, निशा, कामिनी, रीमा, मुस्कान, केसर कैवर्त, जागृति वर्मा, रुचि वर्मा, रूचि सिंह, अनुराग यादव, अमर यादव, चंचल वर्मा, भावना वर्मा एवं विभा वर्मा उपस्थित रहे।

## प्रदेश में 60 प्रतिशत से अधिक मकान सूचीकरण का कार्य पूरा

# जीपीएम ने रचा इतिहास, 100 फीसदी लक्ष्य हासिल कर बना नंबर एक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ में आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। राज्य के सभी जिलों और नगर निगमों में मकान सूचीकरण ब्लॉकों के गठन और सत्यापन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में जारी आधिकारिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अब तक कुल 60.73 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस महाअभियान में डिजिटल टेक्नोलॉजी के सटीक समन्वय से कुल 48 हजार 742 ब्लॉकों में से 29 हजार 602 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है। राज्य स्तर पर जिलों के प्रदर्शन को देखा जाए तो आदिवासी बहुल जीपीएम जिला सूची में शीर्ष पर है, जिसने अपने सभी 528 मकान सूचीकरण ब्लॉकों का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। इसके बाद जशपुर 99.87 प्रतिशत और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी 99.84 प्रतिशत जिले भी पूर्णता के बेहद करीब हैं। इसके अलावा बेमेतरा 97.8 प्रतिशत और मुंगेली 96.52 प्रतिशत जिलों में भी काम लगभग समाप्ति की कगार पर है।

- जीपीएम ने मारी बाजी, कई जिले शत-प्रतिशत के करीब

### सटीक जनगणना से ही हर गरीब तक पहुंचेगा सुशासन: साय

राज्य की इस प्रगति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संतोष व्यक्त करते हुए गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला प्रशासन और प्रदेश भर के प्रगणकों की सराहना की। उन्होंने कहा, कि हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। आगामी जनगणना 2027 के ये आंकड़े भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और नीति निर्धारण की मजबूत बुनियाद बनेंगे। डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सराहनीय है। जिन बड़े शहरों या नगर निगमों में गति धीमी है, वहां के अधिकारी मैदानी मॉनिटरिंग बढ़ाएं और जल्द से जल्द इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गति दें।

### कलेक्टर की रणनीति आई काम

जिले के इस शानदार प्रदर्शन और 'शून्य पेंडेंसी' के मॉडल पर कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन ने अपनी टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा कि, यह सफलता हमारे स्थानीय प्रगणकों, पर्यवेक्षकों और जिला प्रशासन की बेहतरीन टीम भावना का परिणाम है। भौगोलिक रूप से दुर्गम और आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के बावजूद हमने माइक्रो-प्लानिंग के तहत काम किया। हर चार्ज नंबर की रोजाना डिजिटल मॉनिटरिंग की गई, जिससे 17 मई की मध्यरात्रि को डेटा पोर्टल पर सिंक होते ही हमने 100 फीसदी पूर्णता का लक्ष्य हासिल कर लिया। अब हम अगले चरण के प्रशिक्षण और मैदानी सत्यापन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**बड़े शहरों और नगर निगमों की रफ्तार सुस्त:** एक तरफ जहां ग्रामीण और दूरस्थ जिलों ने बाजी मारी है, वहीं राज्य के बड़े शहरों और नगर निगम क्षेत्रों में काम की रफ्तार चिंताजनक रूप से धीमी दर्ज की गई है। रायगढ़ नगर निगम सूची में सबसे निचले पायदान पर है, जहां महज 4.65 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। औद्योगिक हब भिलाई नगर में केवल 7.84 प्रतिशत और रिसाली में 8.33 प्रतिशत कार्य ही संपन्न हुआ है। राजधानी रायपुर की बात करें तो यहां कुल 1 हजार 964 ब्लॉकों में से केवल 203 ही पूरे हो पाए हैं, जो कि कुल लक्ष्य का मात्र 10.34 प्रतिशत है।

# दवाओं की आनलाइन बिक्री और छूट के विरोध कल बंद रहेंगी दुकानें

**मल्हार।** ऑनलाइन दवा बिक्री और कार्पोरेट डिस्काउंट के विरोध में एआईओसीडी के आह्वान पर पूरे देश के दवा दुकानदारों ने 20 मई को एक दिवसीय बंद का एलान किया है जिसका समर्थन करते हुए मस्तूरी क्षेत्र के दो सौ से ज्यादा दवा दुकानें बंद रहेंगी।

बिलासपुर जिला औषधि विक्रेता संघ ने भी सभी दुकानदारों को पत्र जारी कर एक दिवसीय पूर्ण बंद को सफल बनाने अपील की है। संघ ने मस्तूरी क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को निर्देशित किया है कि बंद के दौरान कोई भी दुकान खुले पाए गए तो जुर्माना के साथ ही 15 दिन के लिए उक्त दुकानदार को किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया जाएगा। क्षेत्र के बड़े स्थान मस्तूरी, मल्हार, सीपत, पचपेड़ी, जोन्धरा, लोहर्षि, चिल्हाटी, जयरामनगर, परसदा, खम्हरिया के अलावा सभी ग्रामीण इलाकों के दवा दुकानें बंद रहेंगी। दुकानदारों का कहना है कि जब से सभी प्रकार की दवाइयां ऑनलाइन प्रारम्भ हुई है तब से उनका व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है इसके अलावा कार्पोरेट बड़े दुकानदार ग्राहकों को भारी छूट देकर छोटे दुकानदारों को प्रभावित कर रहे है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर खासा असर पड़ा है इसलिए ऑनलाइन बिक्री व छूट देना पूरी तरह से बंद होना चाहिए।

